卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 128 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦13 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# जिम के बाहर प्रोपर्टी डीलर को गोली से उड़ाया

## एक और हत्या से दहला देहरादून, जिम में वर्कआउट करके लौट रहा था कारोबारी विक्रम शर्मा, मृतक पर दर्ज थे कई मुकदमे

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अपराधियों के बेखौफ हौसले और कानून व्यवस्था की बदहाली ने आम जनमानस को दहशत के साये में जीने को मजबूर कर दिया है। अभी दो दिन पूर्व हुए अर्जुन शर्मा हत्याकांड की सनसनी शांत भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार की सुबह राजपुर रोड जैसे पॉश इलाके में एक और दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया। राजपुर रोड स्थित सिल्वर सिटी कॉम्प्लेक्स के बाहर अज्ञात बदमाशों ने जिम से वर्कआउट कर बाहर निकल रहे प्रॉपर्टी और खनन कारोबारी विक्रम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने विक्रम के सिर पर करीब से गोलियां दागीं, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर राजधानी में पुलिसिया इकबाल और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वारदात की सूचना मिलते ही एसएसपी देहरादून समेत भारी






पुलिस बल और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। सहस्त्रधारा रोड निवासी विक्रम सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वह जमीन और खनन के कारोबार से जुड़े थे। पुलिस फिलहाल पुरानी रंजिश और व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता समेत तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों के भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके। बताया गया है कि मृतक विक्रम शर्मा गैंगस्टर था। उस पर 50 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर 30 से अधिक हत्या के मुकदमे दर्ज थे। मामले के तार झारखंड गैंग से जोड़े जा रहे हैं। पुलिस इस घटना को गैंगवार से जोड़ रही है। बताया जा रहा है कि करीब 10 साल पहले विक्रम शर्मा को झारखंड पुलिस गिरफ्तार करके ले गई थी। लंबे समय तक वह जेल में बंद रहा। अब वह अंडरग्राउंड रहकर धंध कर रहा था। फिलहाल सरेआम हुई इस हत्या ने पुलिस के गश्ती दावों की पोल खोल दी है। फरवरी का यह महीना देहरादून के लिए अत्यंत दुखद और हिंसक साबित हो रहा है। पिछले मात्र 12 दिनों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# यूटिलिटी नदी में गिरी,वाहन सहित दो लोग लापता

देवप्रयाग (उद संवाददाता)। देवप्रयाग क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सब्जी लेकर कर्णप्रयाग जा रही एक यूटिलिटी अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। वाहन के साथ उसमें सवार दो लोग भी लापता हो गए हैं, जिनकी तलाश में एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया और तत्काल रेस्क्यू टीमें मौके पर भेजी गईं।जानकारी के अनुसार, हरिद्वार निवासी अरशद द्वारा पुलिस को वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दी गई थी। बताया जा रहा है कि वाहन संख्या यूके 11सीए 2034 में दो युवक सवार थे। इनमें वाहन स्वामी अमन नेगी (28 वर्ष), निवासी ग्राम पलेटी, कर्णप्रयाग और अयान (19 वर्ष), निवासी ग्राम रोखेड़ी, नजीबाबाद (बिजनौर) शामिल हैं। ये दोनों ऋषिकेश से सब्जी लादकर कर्णप्रयाग की ओर जा रहे थे, तभी देवप्रयाग के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में समा गया।



दुर्घटनास्थल पर चले रेस्क्यू अभियान के दौरान टीम को एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। शिनाख्त करने पर पता चला कि यह मोबाइल लापता अयान का है। पुलिस ने तत्काल अयान के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है, जिसके बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# आईजी का आधी रात को औचक निरीक्षण

## बैरियरों पर चेकिंग और बीट प्रणाली में मिली खामियां, सीसीटीवी खराब मिलने पर लगाई फटकार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमायूँ परिक्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने और जनता के बीच पुलिस के इकबाल को बुलंद करने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने खुद कमान संभाल ली है। बीती देर रात आईजी ने जनपद नैनीताल सहित कुमायूँ के विभिन्न संवेदनशील इलाकों, बॉर्डर नाकों और पुलिस चौकियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल सुरक्षा इंतजामों को परखा, बल्कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता की भी बारीकी से समीक्षा की।



जहाँ भी सुरक्षा तंत्र में लापरवाही दिखी, आईजी ने तत्काल अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और कड़े लहजे में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने जब नाकों और बैरियरों पर आगंतुकों व वाहनों की आवाजाही से संबंधित रजिस्टरों की जांच की, तो प्रविष्टियों के संधारण में भारी अनियमितताएं पाई (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर युवक युवतियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है।

-:संपर्क करें:- 8433432291

# सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

रूद्रपुर। जिला अधिकारी नितिन भदौरिया व विधायक शिव अरोरा ने आज गांधी पार्क में कल 14 फरवरी को सीएम के कार्यक्रम और सरस मेला व त्रिशूल चौक लोकार्पण स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा कल 14 फरवरी दिन शनिवार को दोपहर ढ़ाई बजे त्रिशूल चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल का लोकार्पण करेगें जिसके पश्चात वह स्वागत रैली के साथ गांधी पार्क पहुंचेगें जहां उनके द्वारा रूद्रपुर महापौर विकास शर्मा के कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले दस दिवसीय यूएसनगर कार्निवल सरस मेला का विधिवत शुभारंभ करेगें। जिलाधिकारी नितिन भादौरिया ने विधायक शिव अरोरा के साथ गांधी पार्क में स्टॉल स्थलों, सभा स्थल की व्यवस्थाओं के साथ ही विद्युत, पेयजल,मोबाइल टॉयलेट व सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का (शेष पृष्ठ सात पर)



# सीएम के निर्देश के बाद सख्ती रात 11 बजे बंद होंगे प्रतिष्ठान

हल्द्वानी/नैनीताल (उद संवाददाता)। प्रदेश में हालिया घटित गंभीर आपराधिक घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए कुमायूँ पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। प्रभावी पुलिसिंग और सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए पुलिस महानिरीक्षक रिधिम अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी स्वयं मैदान में उतरे। विजिबल पुलिसिंग की अवधारणा को लागू करने के लिए जनपद के सभी आला अधिकारियों के साथ एक हाई लेवल गोष्ठी आयोजित कर अपराधियों के विरुद्ध सख्त निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्पष्ट किया है कि रात्रि गश्त और पिकेट ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सभी क्षेत्राधिकारियों को रात में अपने क्षेत्र में मौजूद रहकर अपनी लोकेशन और कार्यों (शेष पृष्ठ सात पर)

# अब त्रिशूल चौक से शिव कॉरिडोर की ओर बढ़े मेयर के कदम

## मेयर विकास शर्मा का ऐलान, रुद्रपुर में बनेगा शिव कारिडोर ,डमरू चौक, कैलाश पर्वत, शिव परिवार की प्रतिमाओं के साथ नैनीताल रोड पर शिव-थीम पेंटिंगों से सजेगा पूरा मार्ग

रूद्रपुर। नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मेयर विकास शर्मा ने रुद्रपुर में भव्य शिव कॉरिडोर के निर्माण का ऐलान किया है। शिव कारिडोर की रूपरेखा तैयार होनी शुरू हो गई है और इसे धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। इसकी पहली कड़ी के रूप में इंदिरा चौक में त्रिशूल स्थापित कर उसका नाम त्रिशूल चौक रखा गया है। मेयर के अनुसार आने वाले समय में डी डी चौक पर डमरू की स्थापना कर उसे डमरू चौक नाम दिया जाएगा, जबकि नैनीताल रोड पर कैलाश पर्वत और शिव परिवार की प्रतिमाएं स्थापित कर पूरे मार्ग को शिव कॉरिडोर का स्वरूप दिया जाएगा। इसके साथ ही नैनीताल रोड के दोनों ओर भगवान शिव से संबंधित भव्य पेंटिंग की दीवार बनाई जाएंगी, जिनमें शिव परिवार के स्वरूपों को कलात्मक ढंग से उकेरा जाएगा। इन पेंटिंगों को एक विशेष डिजाइन के तहत श्रृंखलाबद्ध रूप में स्थापित किया जाएगा, ताकि पूरा मार्ग एक आकर्षक शिव-थीम कॉरिडोर के रूप में नजर आए।मेयर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर का नाम भगवान शिव के रुद्र स्वरूप से जुड़ा है और इसी भाव को नगर की पहचान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही भोले के धाम कैलाश मानसरोवर जाने के लिए उत्तराखंड के यह प्रवेश द्वार के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की सीमा पार कर उत्तराखंड में प्रवेश करते ही यात्रियों और पर्यटकों को ऐसा अनुभव हो कि वे शिव नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों को धार्मिक प्रतीकों और कलाकृतियों से सजाने की विस्तृत रूपरेखा तैयार जा रही है। श्री शर्मा ने कहा कि शिव (शेष पृष्ठ सात पर)







एआई से तैयार शिव कॉरिडोर की भव्य परिकल्पना

# उत्तराखंड के सांसदों की केवल 18 प्रतिशत सांसद निधि हुई खर्च


## सांसदों द्वारा प्रस्तावित 232 कार्य स्वीकृत ही नहीं हुये, 87 कार्य प्रारंभ नहीं हुये







काशीपुर। उत्तराखंड के लोकसभा तथा राज्यसभा के वर्तमान सांसदों की आवंटित सांसद निधि की कुल धनराशि में दिसंबर 2025 तक केवल 18 प्रतिशत धनराशि ही खर्च हुई है। इसमें पूर्ण कार्यों तथा चल रहे कार्यों पर खर्च धनराशि शामिल हैं। सांसदों द्वारा प्रस्तावित 232 कार्य अधिकारियों ने स्वीकृत ही नहीं किये है तथा स्वीकृत कार्यों में से 87 कार्य दिसम्बर 2025 तक प्रारंभ भी नहीं हुये है। यह खुलासा सांसद निधि के नोडल विभाग ग्राम्य विकास आयुक्त उत्तराखंड कार्यालय द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उददीन एडवोकेट को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड के ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्धी सूचना चाही थी। जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी उपायुक्त प्रशासन, हेमन्ती गुंजियाल द्वारा अपने पत्रांक 245531 के साथ सांसद निधि खर्च के दिसम्बर 2025 के विवरण की प्रति उपलब्ध करायी है। जिसमें दिसम्बर 2025 के अंत तक की उत्तराखंड के लोक सभा सांसदों की सांसद निधि खर्च का विवरण दिया है।श्री नदीम को


उपलब्ध विवरण के अनुसार दिसम्बर 2025 तक उत्तराखंड के कुल 8 सांसदों को 95.90 करोड़ की सांसद निधि आवंटित हुई है। इसमें 49 करोड़ 5 लोकसभा सांसदों तथा 46.90 करोड़ 3 राज्यसभा सांसदों को आवंटित हुई है। उत्तराखंड के सांसदों के वर्तमान कार्यकाल में पूर्ण कार्यों पर कुल 7.08 करोड़ तथा चल रहे अपूर्ण कार्यों पर दिसम्बर 2025 तक कुल 10.65 करोड़ की धनराशि खर्च हुई है जो कुल आवंटित धनराशि का 18 प्रतिशत है। इसमें लोकसभा के 5 सांसदों की पूर्ण कार्यों पर 2.089 करोड़ तथा अपूर्ण तथा चल रहे कार्यों पर 1.191 करोड़ की धनराशि खर्च दर्शायी गयी है जो कुल आवंटित धनराशि की केवल 7 प्रतिशत है। राज्यसभा के 3 सांसदों की आवंटित निधि में से पूर्ण कार्यों पर खर्च 4.99 करोड़ तथा चल रहे कार्यों पर 9.46 करोड़ दर्शाया गया है जो कुल आवंटित निधि का 31 प्रतिशत है। सांसद वार सांसद निधि खर्च के मामले में लोकसभा सांसदों में सर्वाधिक निधि 18 प्रतिशत खर्च करने वाले नैनीताल–उधमसिंह नगर सांसद अजय भट्ट हैं जबकि दूसरे स्थान पर 14 प्रतिशत सांसद निधि खर्च टिहरी गढ़वाल सांसद श्रीमति माला राज लक्ष्मी शाह है। अन्य तीनों लोकसभा सांसदों गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी की शून्य, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा तथा हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत की दिसम्बर 2025 तक सांसद निधि से एक प्रतिशत से कम धनरााशि खर्च दर्शायी गयी है।राज्यसभा सांसदों में सर्वाधिक सांसद निधि 47 प्रतिशत नरेश बंसल, दूसरे स्थान पर 27 प्रतिशत कल्पना सैनी तथा तीसरे स्थान पर 6 प्रतिशत महेन्द्र भट्ट की दिसम्बर 2025 तक खर्च हो सकी है।श्री नदीम को उपलब्ध सांसद वार विवरण के अनुसार नैनीताल उधमसिंह नगर सांसद अजय भट्ट ने दिसम्बर 25 तक अपने वर्तमान कार्यकाल में सांसद निधि से कुल 316 कार्य प्रस्तावित किये हैं जिसमें से 229 कार्य अधिकाारियों द्वारा स्वीकृत किये गये है उसमें से 54 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 154 कार्य चल रहे हैं तथा 21 कार्य प्रारंभ नहीं हो सके है।टिहरी गढ़वाल सांसद माला राज लक्ष्मी शाह ने 128 कार्य प्रस्तावित किये हैं जिसमें से 89 कार्य अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किये गये हैं, 11 कार्य पूर्ण हो चुके है, 64 चल रहे हैं तथा 14 कार्य प्रारंभ नहीं हुये हैं।गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने अपने वर्तमान लोकसभा सांसद कार्यकाल में कुल 4 कार्य प्रस्तावित किये हैं। अधिकारियों द्वारा 2 कार्य स्वीकृत किये हैं, 1 कार्य पूर्ण तथा 1 कार्य चल रहा दर्शाया गया है लेकिन दिसम्बर 2025 तक खर्च शून्य दर्शाया गया है।अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा के स्वीकृत 4 कार्यों में से 2 कार्य प्रारंभ न होना तथा 2 कार्य चलना दर्शाया गया है तथा इस पर कुल निधि के 1 प्रतिशत से भी कम 0.041 करोड़ रू. खर्च होना दर्शाया गया है।हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत के प्रस्तावित 16 कार्यों में से अधिकारियों ने 10 कार्य स्वीकृत किये है जिसमें मे 1 कार्य पूर्ण हुआ है 5 चल रहे है तथा 4 प्रारंभ नहीं हुये हैं। इस पर कुल निधि का 1 प्रतिशत से कम 0.080 करोड़ धनराशि खर्च दर्शाया गया है। राज्यसभा सांसदों में नरेश बंसल ने 191 कार्य प्रस्तावित किये है जिसमें से 144 कार्य अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किये गये हैं जिसमें 23 कार्य पूर्ण हुये है 92 चल रहे हैं तथा 29 दिसम्बर 2025 तक प्रारंभ नहीं हुये है। कल्पना सैनी द्वारा प्रस्तावित 121 कार्यों में से 89 कार्य अधिकारियों द्वारा स्वीकृत किये गये हैं 26 पूर्ण हुये है 60 चल रहे है तथा 3 प्रारंभ नहीं हुये हैं। महेन्द्र भट्ट द्वारा अपने दिसम्बर 25 तक पूर्व कार्यकाल में 44 कार्य प्रस्तावित किये हैं 23 स्वीकृत हुये हैं, 2 कार्य पूर्ण हुये, 7 चल रहे है तथा 14 कार्य प्रारंभ नहीं हो सके है।

## उत्तराखंड में 15 साल पुरानी गाड़ियों पर सख्ती : 19 जनवरी 2026 से प्रदेश में ई–डिटेक्शन प्रणाली पूरी तरह से लागू

रुद्रपुर। उत्तराखंड सरकार ने यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने और अवैध वाहनों पर नियंत्रण के लिए बड़ा कदम उठाया है। 19 जनवरी 2026 से प्रदेश में ई–डिटेक्शन प्रणाली पूरी तरह से लागू कर दी गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहित कोठारी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत राज्य की सीमाओं पर स्थापित टोल प्लाजा पर प्रवेश करते ही वाहनों के दस्तावेजों की डिजिटल जांच की जाएगी। यदि किसी वाहन का परमिट, बीमा, फिटनेस या आरसी नवीनीकरण समय पर नहीं कराया गया है, तो सिस्टम स्वतः ई–चालान जारी कर देगा। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली खासतौर पर 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने वाहनों की पहचान करने में सक्षम है। ऐसे वाहन जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है या जिनका रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण नहीं हुआ है, वे अब बिना जांच से बच नहीं पाएंगे। परिवहन विभाग



के अनुसार, इस व्यवस्था से बिना परमिट और बिना बीमा चल रहे वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने बताया कि उप परिवहन आयुक्त शैलेश कुमार तिवारी ने जानकारी दी। 17 जनवरी को इस प्रणाली का मैनुअल ट्रायल किया गया था। एक दिन में 7 टोल प्लाजा से 49,060 वाहनों का डेटा प्राप्त हुआ, जिनमें से 1,569 वाहन ऐसे पाए गए जिनके परमिट या फिटनेस की वैधता समाप्त हो चुकी थी। वाहन डाटाबेस से मिलान के बाद ट्रायल सफल पाया गया, जिसके बाद 19 जनवरी से इसे ऑटो मोड में लागू कर दिया गया।प्रदेश में जिन 7 प्रमुख टोल प्लाजा को इस प्रणाली से जोड़ा गया है, उनमें बहादराबाद और भगवानपुर हरिद्वार, लच्छीवाला देहरादून, तथा जगतापुर पट्टी, बनुषी, नगला और देवरिया ऊधमसिंह नगर शामिल हैं। यह कदम सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा। उप संभागीय परिवहन अधिकारी मोहित कोठारी ने बताया कि यह कार्रवाई 19 जनवरी से लागू हो गई है।

## तहसीलों में जमीनों की रजिस्ट्री का कार्य बंद , हो रहा भ्रष्टचार: पाण्डेय

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ईमानदारी से काम कर रही है लेकिन प्रशासन व विभागों में बैठे भ्रष्ट अधिकारी सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गदरपुर के भाजपा विधायक अरविंद पांडेय ने एक बार फिर भ्रष्ट अधिकारियों पर हमला बोलते हुए कहा कि वह हमेशा सुविधा शुल्क लेकर सुविधा देने के खिलाफ रहे हैं। गुरुवार को विधायक अरविन्द पांडेय जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया में मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने कहा कि सरकार बदनाम हो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम सत्ता पक्ष के विधायक हैं घर नहीं बैठेंगे। जहां जनता की बात आएगी उसके लिए खुलकर आगे आएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर जब तक पांच से सात लाख न दो तब रजिस्ट्री नहीं होती। इसके सबूत तो नहीं हैं लेकिन सुनने में आ रहा है। उन्होंने कहा इस संदर्भ में डीएम से विस्तार से बात की गई। उनका कहना



था कि प्रापर्टी डीलर ब्याज पर पैसा लेकर जमीन खरीदता है। रजिस्ट्री बंद होने से काम बंद होने पर कारोबार चौपट होता है। तनाव में आकर डीलर खुदकुशी करने लगते हैं। विकास प्राधिकरण और रेरा का नियम लागू हो लेकिन सुविधा शुल्क लेकर सुविधा देना गलत है। उन्होंने कहा कि आज जिले की कई तहसीलों में जमीनों की रजिस्ट्री का कार्य बंद हैं। इस संबंध में डीएम ने आश्वासन दिया है कि 18 फरवरी के बाद हर तहसील में एसडीएम और पटवारियों की बैठक बुलाएंगे। कैंप लगाकर सब जगह रजिस्ट्री को खोल देंगे। विधायक पांडेय ने कहा कि एक साल से लोगों का कारोबार चौपट हुआ जिसे हम स्वीकार करते हैं। कई तहसीलों में जमीनों की रजिस्ट्री लंबे समय से बंद थी। अक्सर शिकायत सुनने को मिल रही है कि जमीन का मालिक किसी न किसी माध्यम से जब तक पैसा नहीं देगा तब तक रजिस्ट्री नहीं खुलेगी। तकलीफ की बात ऐसे में सरकार हमारी बदनाम होती है। उन्होंने कहा जब कोई प्रॉपर्टी डीलर अपनी रजिस्ट्री खुलवाने के लिए रुपये देता है तो इसका बोझ खरीददार पर पड़ता है।

## महिला कांग्रेस का ओम बिरला के निवास पर प्रदर्शन

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा के निर्देशानुसार आज एक अनूठा और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी और दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुईं। कांग्रेस नेत्रियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निवास तक मार्च कर उन्हें गुलाब का फूल भेंट करने का प्रयास किया, जिसे उन्होंने अपनी शांतिपूर्ण मांग और संदेश के प्रतीक के रूप में चुना था।हालांकि,



सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लोकसभा अध्यक्ष के निवास के बाहर पुलिस द्वारा भारी बैरिकेडिंग की गई थी। बैरिकेड्स लगाए जाने के कारण प्रदर्शनकारी महिलाएं निवास तक नहीं पहुंच सकीं। इसके बाद नेत्रियों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए तैनात पुलिस कर्मियों को ही गुलाब के फूल सौंपे और अपना संदेश आगे पहुंचाने का अनुरोध किया। इस दौरान पुष्पा सिंह ने कहा कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और अपनी मांगों को विनम्रतापूर्वक रखने के लिए यहां पहुंची थीं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज बुलंद की।

## न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड नंबर दो निवासी रजविंदर कौर ने रुद्रपुर न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने श्रीरामपुर निवासी उत्तम कुमार राय से एक मकान और प्लाट का सौदा 11 लाख रुपये में किया था। रजविंदर कौर के अनुसार उन्होंने तयशुदा रकम का पूरा भुगतान चेक और बैंक माध्यमों से समय पर कर दिया था। इसके बाद वर्ष 2023 में विक्रेता ने उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री भी उनके नाम कर दी थी।रजिस्ट्री होने के कुछ समय बाद पीड़िता को जानकारी मिली कि जिस मकान और प्लाट को उन्होंने खरीदा है, उस पर एक फाइनेंस कंपनी का 11 लाख रुपये का लोन बकाया है। विक्रेता ने इस लोन के बारे में जानकारी छिपाकर धोखाधड़ी से संपत्ति उन्हें बेच दी और लोन का भुगतान भी नहीं किया। जब रजविंदर कौर ने उत्तम कुमार राय से इस बारे में पूछताछ की तो वह टाल–मटोल करने लगा। आरोप है कि जब पीड़िता ने उसे बैंक चलने के लिए कहा तो आरोपी ने उनके साथ गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अदालत को बताया कि आरोपी ने जान–बूझकर उनके साथ ठगी की है और अब उन्हें आरोपी से जान–माल का खतरा बना हुआ है। न्यायालय के कड़े रुख के बाद पुलिस ने आरोपी उत्तम कुमार राय के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बॉर्डर क्षेत्रों में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

## कांवड़ यात्रा और शिवरात्रि को लेकर अलर्ट, संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा के निर्देशन पर ऊधमसिंह नगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा और आगामी शिवरात्रि त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरे जनपद में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से जनपद के सभी बॉर्डर क्षेत्रों, एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले बॉर्डर पर पैनी नजर रखें और सुरक्षा के लिहाज से लगातार चेकिंग जारी रखें। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अपराध सुश्री नीहारिका तोमर और क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर ने स्वयं रामपुर बॉर्डर पर मौजूद



रहकर मोर्चा संभाला। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, पार्किंग क्षेत्रों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित या राष्ट्रविरोधी गतिविधि पर तत्काल अंकुश लगाया जा सके।पुलिस विभाग के अनुसार, यह अभियान केवल त्योहारों तक सीमित नहीं है, बल्कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए हैं। पुलिस की इस मुस्तैदी का उद्देश्य आम जनमानस में सुरक्षा का भाव पैदा करना और शरारती तत्वोंके मन मेंखौफ पैदा करना है। जिले के सभी प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी और मैन्युअल चेकिंग के जरिए हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जा रही है।

# राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन में वृद्धि, मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के सम्मान एवं कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर राज्य सरकार ने विभिन्न श्रेणियों में दी जा रही पेंशन राशि में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। नए निर्णय के अनुसार उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान सात दिन जेल गए अथवा आंदोलन के दौरान घायल हुए आंदोलनकारियों की मासिक पेंशन 6000 रुपये से बढ़ाकर 7000 रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार जेल गए या घायल श्रेणी से भिन्न अन्य राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन 4500 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। इसके अतिरिक्त राज्य आंदोलन के दौरान विकलांग होकर पूर्णत: बिस्तर पर पड़े आंदोलनकारियों की विशेष पेंशन 20,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। वहीं राज्य आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन 3000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का त्याग और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय आंदोलनकारियों और उनके परिवारों के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक है।

# फुलसुंगी के शिवभक्तों का तीन दिवसीय भंडारा धूमधाम से सम्पन्न

रूद्रपुर/नजीबाबाद (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्त कांवड़ियों के लिए रूद्रपुर के वार्ड नंबर एक, फुलसुंगी के समाजसेवियों द्वारा नजीबाबाद स्थित नगीना रोड, भोनावाला के श्री शिवनाग देवता मंदिर में 12वें विशाल भंडारे का धूमधाम से समापन हुआ। तीन दिवसीय इस सेवा शिविर में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। जहाँ श्रद्धा और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। बता दें फुलसुंगी के शिवभक्त पिछले 12 वर्षों से अपनी परंपरा को कायम रखते हुए नजीबाबाद में इस विशाल भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। समाजसेवी श्रवण





कालड़ा ने बताया कि सभी के सहयोग से भंडारा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में कांवड़ियों के लिए केवल भोजन ही नहीं, बल्कि शुद्ध पेयजल, जलपान और रात्रि विश्राम की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि भोले नाथ के आशीर्वाद से भविष्य में भी यह सेवा इसी ऊर्जा के साथ जारी रहेगी। शिविर में पहुँचने वाले कांवड़िये भोले नाथ के भजनों पर झूमते और बम-भोले के जयकारे लगाते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भंडारे के दौरान लोगों ने फुलसुंगा के शिवभक्तों की इस सेवा भावना की सराहना की। भंडारे में फुलसुंगी के सेवादारों ने पूरी श्रद्धा के साथ कांवड़ियों का स्वागत-सत्कार किया और उन्हें भोजन परोसा।इस पुनीत कार्य में गुलशन पंडित ,अमित अरोरा, श्रवण कालड़ा, कृष्णकांत डंगवाल, लक्षित,ग्राम भोनावाला अर्जुन,प्रदीप, हर्षित कालड़ा, लक्की कालड़ा,संजीव गुंबर, अभिषेक छाबड़ा (हैप्पी) ,अरुण खुराना, राजकुमार नारंग,महिपाल, प्रदीप , अजय अनेजा महंत जी शिव कावर संघ फुलसुंगी,अरविंद गुंबर, (आशु), विशु गुंबर,राहुल छाबड़ा,रमन नारंग, मुकुल नारंग,दीपक छाबड़ा,विशु छाबड़ा ,अमन ठुकराल,अरुण खुराना,अनुज छाबड़ा, लवी बांगा, नोनी छाबड़ा, रजत खुराना, राहुल बांगा, अनमोल खुराना, विशाल खुराना,मनोज सुदामा, योगेश वाधवा,सहित फुलसुंगी के तमाम शिवभक्त और कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटे रहे।


**आवश्यकता है**

एक कुशल अनुभवी एकाउण्टेंट की। जिसे जीएसटी+टैक्स का अच्छा अनुभव हो। वेतन योग्यतानुसार। शीघ्र आफिस पर सम्पर्क करें।

पता-एसटीसी वैन्चर महिन्द्रा शोरूम के सामने किच्छा बाईपास रोड,रूद्रपुर

-सम्पर्क सूत्र-

9548200711

8218640588


# शमशान घाट के जीर्णोद्धार कार्यों का ठुकराल ने किया शुभारंभ

रूद्रपुर। क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ शुक्रवार को मोहनपुर नंबर दो में जिला पंचायत निधि के अंतर्गत चार लाख रुपये की लागत से शमशान घाट के सुदृढ़ीकरण एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और रिबन काटकर सीढ़ीनुमा घाट सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर शमशान घाटों का व्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता रही



है और जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करना ही उनका मुख्य ध्येय है। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बजट स्वीकृत कराया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अंकित विश्वास, विधान बाला, गिरि सरकार, ग्राम प्रधान कालाचांद सिकदार, चितरंजन सरकार, गौरंग, सौरभ विश्वास, आनन्द शर्मा, पवन मलिक, पूर्व प्रधान अशोक विश्वास, विकास बाला, इन्द्रजीत सरकार, निमाई, सुकरंजन, विजय विश्वास, परितोष हल्दार, मिलन मण्डल, वरूण हाल्दार, रवि विश्वास, मिरनल, कालू बाला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे

# राजभवन घेराव की तैयारियों को लेकर बनी रणनीति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देहरादून में 16 फरवरी को प्रस्तावित राजभवन घेराव की तैयारियों को लेकर हल्द्वानी के स्वराज आश्रम में कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह तथा प्रदेश के सीएलपी लीडर यशपाल आर्य की अगुआई में हुई इस बैठक में आगामी आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर रुद्रपुर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। रुद्रपुर की पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी और उमा सरकार के साथ मिलकर वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह, सीएलपी लीडर यशपाल आर्य और डिप्टी सीएलपी लीडर भुवन कापड़ी का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भव्य



स्वागत किया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घेराव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। प्रीतम सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह प्रदर्शन निर्णायक होगा। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और राजभवन कूच के लिए रूट प्लान पर भी चर्चा की गई। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झगड़पुरी मोड़ पर कांवड़ियों की सेवा के लिए गुंजन सुखीजा ने लगाया लंगर

गदरपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए गदरपुर क्षेत्र में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गदरपुर के झगड़पुरी मोड़ पर भाजपा की प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में दो दिवसीय विशाल लंगर का आयोजन किया गया है, जो 13 और 14 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए इस



शिविर में भोजन, जलपान और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि सनातन परंपरा में शिवभक्तों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है। सावन मास की कांवड़ यात्रा की तरह ही महाशिवरात्रि पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल गंगाजल लेकर आते हैं, जिनकी सेवा करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि लंगर सेवा दोनों दिन प्रात: 7:00 बजे से प्रारंभ की गई है, जो देर रात तक श्रद्धालुओं के आगमन तक जारी रहेगी। शिविर में कांवड़ियों के स्वास्थ्य और थकान को देखते हुए बैठने और आराम करने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। गुंजन सुखीजा ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस सेवा कार्य में सहभागी बनने का आहवान किया। उन्होंने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कांवड़ियों की सेवा करें और पुण्य लाभ अर्जित करें। लंगर के पहले दिन ही सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा का लाभ उठाया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय सेवादार और भाजपा कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक व्यवस्थाएं संभालने में जुटे रहे। श्रद्धालुओं ने भी स्थानीय नागरिकों और आयोजकों द्वारा की गई इस सेवा भावना की सराहना की।

# सब-इंस्पेक्टर सोनिका जोशी ने स्वयंसेवकों को सिखाए आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के गुर

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न सामाजिक और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु सामाजिक उत्तरदायित्व और महिला सशक्तिकरण रहा। दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों के शारीरिक फिटनेस सत्र के साथ हुई, जिसमें उन्हें स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।शिविर के प्रथम सत्र में




स्वयंसेवकों ने श्बेटी शिक्षा जन जागरण रैलीश निकाली। इस रैली के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अलख जगाई गई और समाज में उन्हें समान अवसर प्रदान करने का सशक्त संदेश दिया गया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने नारों और पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।दिन के द्वितीय सत्र में दिनेशपुर पुलिस स्टेशन की उप-निरीक्षक (एसआई) सुश्री सोनिका जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने एक विशेष सत्र का संचालन करते हुए स्वयंसेवकों को वर्तमान समय की चुनौतियों, विशेषकर महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा की बारीकियों से अवगत कराया। सुश्री जोशी ने साइबर अपराध के प्रति जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तकनीकी पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सजगता ही अपराध से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है।दिन के अंतिम चरण में बौद्धिक चर्चा और भक्ति गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके बाद एक फीडबैक सत्र आयोजित हुआ। इस सत्र में स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संस्थान के प्रधानाचार्य (इंजीनियरिंग) ललित सिंह बिष्ट, शिक्षकों और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने स्वयंसेवकों के उत्साह और सेवा भावना की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, दीपिका नेगी, चंदन सिंह राणा, सोमेन्द्र सिंह, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# सीएम ने दिए विद्युत चोरी पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश

## पिटकुल की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सख्त,ऊर्जा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और लाइन लॉस कम करने पर जोर

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि विद्युत वितरण लॉस और बिजली चोरी पर राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विद्युत वितरण लॉस को न्यूनतम स्तर पर लाया जाए और बिजली चोरी पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि वितरण लॉस के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन की चुनौतियों को देखते हुए यूजेवीएनएल, पिटकुल और यूपीसीएल को अभी से समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि ऊर्जा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं की औपचारिकताएं मार्च तक पूर्ण कर ली



जाएं ताकि अप्रैल में इनका विधिवत शुभारंभ किया जा सके। परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत मंथन करते हुए उन्होंने एडीबी और मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्यों को गति देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बहादराबाद (हरिद्वार), कोटद्वार (पौड़ी), भिकियासैंण (अल्मोड़ा), कपकोट (बागेश्वर) और नंदप्रयाग (चमोली) में उपकेंद्रों हेतु भूमि आवंटन और स्थानांतरण की प्रक्रिया को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित जिलाधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत शिलान्यास की गई सभी परियोजनाओं की निरंतर निगरानी की जाए ताकि उनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री ने सीएसआर मद से प्राप्त धनराशि हेतु एक पृथक खाता खोलने और उसका पारदर्शी व रचनात्मक उपयोग करने के निर्देश दिए।पिटकुल के प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने बैठक में निगम की उल्लेखनीय उपलब्धियों का ब्यौरा रखा। उन्होंने बताया कि आरईसी द्वारा पिटकुल की क्रेडिट रेटिंग को ।+ से बढ़ाकर ।++ कर दिया गया है, जिससे अब परियोजनाओं के लिए मिलने वाले ऋणों पर 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी। इस वित्तीय लाभ का सीधा फायदा प्रदेश के उपभोक्ताओं को कम बिजली टैरिफ के रूप में मिलेगा। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्पावर लाइन पत्रिकाश द्वारा पिटकुल को ऊर्जा पारेषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और न्यूनतम लाइन लॉस के लिए श्पावर लाइन ट्रांस टेक इंडिया अवार्ड-2025श से नवाजा गया है। प्रबंध निदेशक ने जानकारी दी कि कुशल प्रबंधन के चलते पिटकुल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 1243 करोड़ रुपये का लाभांश उत्तराखंड सरकार को दिया है। बैठक में यह भी बताया गया कि पिछले चार वर्षों में कुल 22 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण की गई हैं, जिनमें से 12 परियोजनाएं क्षमता वृद्धि से जुड़ी थीं। वर्तमान में एशियाई विकास बैंक के सहयोग से मंगलौर, सेलाकुई, आराघर, खटीमा, धौलाखेड़ा, लोहाघाट और सरवरखेड़ा में 220 एवं 120 केवी के उप संस्थानों का काम तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही पीपलकोटी, घनसाली, बनबसा, रानीहाट, ऋषिकेश, अल्ट्राटेक और सिमली में भी नॉन-एडीबी पोषित परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए अतिरिक्त अंश पूंजी की आवश्यकता, मास्टर प्लान और आपदा मद में क्षतिपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव पंकज पांडेय, सी रवि शंकर, डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, विनय शंकर पाण्डेय, यूजेवीएनएल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल, यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार सहित ऊर्जा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तकनीकी संस्थानों में सुधरेंगी सुविधाएं

## पर्वतीय क्षेत्रों के इंजीनियरिंग कॉलेजों में हॉस्टल और फैकल्टी की कमी दूर करने के लिए बनेगा मास्टर प्लान

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के छः परिसर संस्थानों हेतु राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने संबंधी बैठक आयोजित हुई।मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को राज्य में तकनीकी शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास करने के साथ संस्थानों में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं के विकास तथा फैकल्टी की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के परिसरों में



छात्रों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध होने से इनमें संचालित विषयों में छात्रों की संख्या बढ़ेगी तथा जिन उद्देश्यों के लिए इन परिसरों की स्थापना की गई है उसका उद्देश्य भी पूरा हो सकेगा। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय से प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर, पिथौरागढ, टनकपुर, बौन (उत्तरकाशी) डब्लू. आईटी. देहरादून में हॉस्टल निर्माण के साथ अन्य आवश्यक आवासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा, ताकि छात्रों के साथ प्रमुख फैकल्टी को आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध हो सके।मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को अपने आय के संसाधनों में वृद्धि के साथ अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर होने वाले व्यय का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने को कहा, ताकि उस पर शासन स्तर पर विचार कर नीतिगत निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक है कि इनमें हॉस्टल की सुविधा हो फैकल्टी की व्यवस्था हो तथा आवश्यक उकरण एवं अन्य संसाधन उपलब्ध हो।मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय के कुलपति से अपेक्षा की है कि विश्वविद्यालय परिसरों के कार्य-कलापों को बेहतर ढंग से संचालित किए जाने संबंधी विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इसमें अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर आने वाले व्यय भार को भी स्पष्ट किया जाए ताकि प्राप्त प्रस्तावों पर वित्त विभाग से परामर्श के साथ शासन स्तर पर विचार करते हुए कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. तृप्ता ठाकुर द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय के कार्य-कलापों तथा परिसरों के वर्तमान संसाधनों, अवस्थापना सुविधाओं आदि की जानकारी दी गयी। बैठक में सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, वी. षणमुगम, रजिस्ट्रार राजेश उपाध्याय, निदेशक डब्ल्यू. आईटी. मनोज पाण्डा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मना जीएसएम स्कूल का स्थापना दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। फुलसूंगा स्थित जीएसएम पब्लिक स्कूल ने अपना दसवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, साथ ही विद्यालय में एक विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों एवं अध्यापकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनता इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र सिंह रावत में सभी छात्रों का आह्वान किया कि स्कूली शिक्षा ही जीवन की नींव है इसलिए छात्रों को स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता परक शिक्षा तथा शारीरिक विकास



पर जोर देना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के आगामी विकास कार्यों तथा छात्रों के गुणवत्ता संवर्धन हेतु अनेक योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा तथा खेल कूद के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है। विद्यालय धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर है। विद्यालय में छात्रों को नवोदय, सैनिक स्कूल इत्यादि प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु भी तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र तथा अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

# जनजाति परिवारों को शत-प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य ने की विकास कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने गुरुवार को जिला सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद में अनुसूचित जनजाति के हित में हो रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुसूचित जनजाति के परिवारों को सरकार की शत-प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित किया जाए, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। बैठक के दौरान निरुपम चकमा ने जनजाति क्षेत्रों में पीएम जनमन, स्वनिधि, धरती आभा, पेंशन, शादी अनुदान, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, जन औषधि , पीएम आवास, अटल आवास, शिक्षा, छात्रावास, छात्रवृत्ति और वन अधिकार अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनजाति के लोगों की भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त के प्रकरण संज्ञान में आए हैं। इसके लिए जिला स्तरीय रिव्यू कमेटी द्वारा गहन समीक्षा करते हुए प्रभावी रोक लगाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि बैंकों द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को सरकारी योजनाओं में ऋण देने में आनाकानी की जा रही है। जिलाधिकारी को इस संबंध में बैंकों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और जनजाति क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता



शिविर आयोजित कर बैंकिंग सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर श्सम्पूर्णता मोडश पर कार्य करने की हिदायत दी, ताकि योजनाओं का लाभ धरातल तक पहुंचे। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर आयोग को भेजने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने आयोग के सदस्य को जनपद में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आयोग के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उप सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग कुशल देव वर्मा, वरिष्ठ अन्वेषक आकाश त्रिपाठी, सार्थक बडोनी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला सेवा योजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, अग्रणी बैंक अधिकारी शिखा नौटियाल, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नन्दनी तोमर, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार और लोनिवि के गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# एस्कॉट फार्म भूमि प्रकरण में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए मिला 15 दिन का समय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर की तहसील काशीपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एस्कॉट फार्म भूमि से संबंधित विभिन्न रिट याचिकाओं पर आदेश पारित किया गया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में याचिकाकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में अलग-अलग प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर 11 फरवरी 2026 को सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने इस प्रकरण से संबंधित आवश्यक अभिलेख और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए प्रशासन से 15 दिन का समय प्रदान करने का अनुरोध किया।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने याचिकाकर्ताओं के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें साक्ष्य और अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए 11 फरवरी 2026 से 15 दिन का समय प्रदान कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता अपने प्रकरण से संबंधित कोई भी साक्ष्य या अभिलेख जिला कार्यालय ऊधम सिंह नगर के कक्ष संख्या 31 (एजेए पटल) में जमा करा सकते हैं। निर्धारित 15 दिन की अवधि पूरी होने के बाद इस प्रकरण पर पुनः सुनवाई की जाएगी, जिसके लिए तिथि और समय की जानकारी अलग से दी जाएगी।



# सनसनीखेज डबल मर्डर का खुलासा, चार गिरफ्तार

## शराब के नशे में हुए विवाद के बाद घटना को दिया था अंजाम, छह घंटे के भीतर पुलिस ने पकड़े हमलावर



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गुरुवार को गल्ला मंडी परिसर में पत्थरों से कुचलकर युवक युवती की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने मात्र छह घंटों में ही खुलासा कर घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 12 फरवरी की प्रात: पुलिस कंट्रोल रूम को हल्द्वानी बड़ी मंडी क्षेत्र में एक युवक तथा एक युवती के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस, डॉग स्क्वॉड तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण व भौतिक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया प्रथम दृष्टिया पत्थर से कुचलकर हत्या का मामला होना प्रकाश में आया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल घटनास्थल में जाकर हत्या के सभी पहलुओं एवं साक्ष्यों का बारीकी से अध्ययन किया तथा विशेष टीम गठित कर घटना के त्वरित अनावरण के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने बताया कि मृतकों से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर उनके परिजनों से सम्पर्क कर शिनाख्त की कार्यवाही के दौरान मृतकों की पहचान शुभम टम्टा पुत्र किशोरी लाल टम्टा निवासी तल्ला खोल्टा अल्मोड़ा तथा लक्ष्मी पोखरिया पुत्री हेम चन्द्र पोखरिया निवासी ग्राम मल्ली पोखरी ओखलकांडा नैनीताल के रूप में हुई। मृतका के परिजन सुरेश चन्द्र पोखरिया निवासी उपरोक्त की तहरीर के आधार पर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा घटना के विभिन्न पहलुओं, भौतिक साक्ष्य के आधार पर सीसीटीवी सर्विलांस, मैनुअल इंटेलिजेंस तथा सुरागरसी पतारसी के आधार पर उक्त सनसनीखेज हत्याकांड में संलिप्त 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे सभी साथ में बैठकर शराब पी रहे थे, इसी दौरान आरोपी लक्ष्मी के साथ छेड़खानी करने लगे जिस पर शुभम तथा लक्ष्मी ने विरोध किया। आपसी लड़ाई झगड़े में उन्होने शुभम की हत्या कर दी। घटना को छिपाने के उद्देश्य से आरोपियो ने लक्ष्मी को भी मौत के घाट उतार दिया तथा पहचान छिपाने के लिए दोनों के सिर पत्थर से कुचल दिए। उन्होंने बताया पकड़े गए अभियुक्तों में गौरव नेगी उर्फ अक्कू ठाकुर पुत्र स्व. उमेश सिंह निवासी वसुंधरा कॉलोनी बरेली रोड धानमिल हल्द्वानी,सौरभ भट्ट उर्फ भटिया पुत्र विनोद चन्द्र भट्ट निवासी तीनपानी खन्ना फार्म डी क्लास बरेली रोड हल्द्वानी, दीपू शर्मा उर्फ ध्रुव पुत्र स्व. नन्हू लाल शर्मा निवासी वसुंधरा कॉलोनी बरेली रोड धानमिल हल्द्वानी व दीपेश लटवाल उर्फ राज पुत्र बहादुर सिंह लटवाल निवासी उत्तरांचल विहार बड़ी मुखानी पीलीकोठी हल्द्वानी शामिल हैं। मौके से हत्या में प्रयुक्त पत्थर, मोबाईल फोन, गौरव तथा दीपू शर्मा के खून से सने हुए कपड़े। एसएसपी ने बताया कि गौरव नेगी एक आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध कोतवाली हल्द्वानी में पूर्व में 11 अभियोग दर्ज है।अभियुक्त दीपेश लटवाल के विरूद्ध थाना मुखानी में 03 अभियोग दर्ज है। एसएसपी डॉ0 मंजुनाथ टीसी द्वारा पुलिस टीम को 2500 रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई साथ ही कड़ा संदेश देते हुए कहा कि इस तरह के जघन्य अपराध करने वालों की समाज में कोई जगह नहीं है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। पुलिस टीम में विजय मेहता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, वरिष्ठ उप निरीक्षक रोहताश सिंह सागर, उप निरीक्षक जगदीप नेगी थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर, प्रेम राम विश्वकर्मा प्रभारी चौकी मंडी, कृपाल सिंह प्रभारी चौकी हीरानगर, धर्मेंद्र कुमार प्रभारी चौकी मालधनचौड़,आरती कोतवाली, हेड कांस्टेबल इशरार नबी सीसीटीवी, त्रिलोक बिष्ट कोतवाली लालकुआं, कुंदन कठायत पुलिस लाईन, कांस्टेबल राहुल सिंह राणा,धरेन्द्र सिंह अधिकारी,भानु प्रताप ओली, रोहित टम्टा, अशोक रावत,अनिल गिरी, अनिल टम्टा व बलवंत सिंह शामिल थे

# बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का डंडा, दो लोगों पर केस दर्ज

रूद्रपुर। ऊर्जा विभाग की सतर्कता टीम ने विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे दो लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है। विभाग की ओर से दोनों अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कोतवाली रूद्रपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है।विद्युत वितरण खण्ड रूद्रपुर (प्रथम) के उपखण्ड अधिकारी अन्नू अरोरा के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता सतर्कता पुनीत कुमार, अवर अभियन्ता पारूल कुमार और लाइन कर्मियों की टीम ने क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम दरियानगर पहुंची, जहां रबि कुमार पुत्र नर सिंह को अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करते पाया गया। टीम ने मौके से लगभग 11 मीटर केबिल बरामद की, जिसका उपयोग 0.134 किलोवाट के विद्युत भार के लिए किया जा रहा था। लाइन कर्मियों ने केबिल को उतारकर कब्जे में लिया और सील कर नमूना मोहर तैयार की।इसी अभियान के तहत टीम ने रूद्रपुर के खेड़ा क्षेत्र में भी छापेमारी की। यहां सबूरा पत्नी नूर अहमद के परिसर में सीधे लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित इरशाद की मौजूदगी में 0.713 किलोवाट का विद्युत भार पाया गया। टीम ने मौके से करीब 08 मीटर केबिल बरामद कर उसे सील कर दिया।विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों ही मामलों में आरोपियों का कृत्य दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। चेकिंग रिपोर्ट और फर्द मौके पर ही तैयार कर गवाहों के हस्ताक्षर कराए गए। बरामद सामग्री को 33 केवी उपसंस्थान में जमा करा दिया गया है। पुलिस ने तहरीर पर दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ इसी तरह का सख्त अभियान जारी रहेगा

# 16 को राजभवन घेराव की तैयारियों में जुटे कांग्रेस नेता



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस भवन, स्वराज आश्रम में आगामी 16 फरवरी को देहरादून में प्रस्तावित "राजभवन घेराव" के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित इस आंदोलन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। संगठनात्मक तैयारियों, कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी, परिवहन व्यवस्था, अनुशासन एवं स्थल प्रबंधन सहित प्रत्येक बिंदुपर गंभीरता से विचार -विमर्श किया गया।कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक प्रीतम सिंह (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष), जिन्हें इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की जनता के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनभावनाओं को लेकर पूरी ताकत के साथ राजभवन घेराव करेगी और प्रदेशभर से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में देहरादून पहुंचेंगे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और जनता महंगाई, बेरोजगारी तथा विकास के ठहराव से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी का राजभवन घेराव जनआक्रोश की सशक्त अभिव्यक्ति होगा।बकांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज को उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में देहरादून पहुंचकर इस आंदोलन को ऐतिहासिक बनाएं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में साथियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं तथा सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया है। हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट एवं नैनीताल जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर उपनेता सदन व खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, विधायक तिलकराज बेहड़, गोपाल सिंह राणा, पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, ललित फर्स्वाण, खजान चंद्र गुड्डू, बालकिशन, सरदार नवतेज पाल, कुमाऊँ मंडल के जिला/महानगर अध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारीगण सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि 16 फरवरी का यह आंदोलन जनता की आवाज को बुलंद करेगा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगा

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ छापेमारी,प्रतिष्ठानों से लिये सेंपल

## होली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा टीम की बड़ी कार्रवाई, मिल्क प्लांट और एजेंसियों को नोटिस जारी

रूद्रपुर। आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु व खाद्य पदार्थो में मिलावट की प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा आयुक्त, निरीक्षण किया गया। संदेह के आधार पर उक्त प्रतिष्ठान प्लांट से 02 दूध के नमूने जांच हेतु एकत्रित कर राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रूद्रपुर, ऊधम सिंह नगर को परिक्षण हेतु भेजे गये, तथा निरीक्षण के समय मिल्क चिलिंग निरीक्षण कर वहां से भी संदेह के आधार पर 01 नमूना सरसों के तेल व 01 नमूना आटे का जांच हेतु लिया गया, जिसे परीक्षण हेतु राजकीय विश्लेषणशाला को भेज दिया गया है। इस निमार्ण इकाई से भी प्रतिष्ठान में के पास एफ0एस0एस0ए0आई0 का फूड लाईसेंस नहीं पाया गया तथा इस सम्बन्ध में शीतल पेय आपूर्तिकर्ता फर्म ओम एजेन्सीज कुंडा, काशीपुर को भी प्रावधानों का अनुपालन न करने के कारण नोटिस जारी कर सम्बन्धित दोनों मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थो का विक्रय, निर्माण, संग्रहण, वितरण इत्यादि सही नहीं पाये जाने वाले पर एवं बिना पंजीकरण/ लाईसेंस के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्व कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये







उत्तराखण्ड सचिन कुर्वे के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, कुमांऊ मण्डल, डा0 राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में जनपद ऊधम सिंह नगर की खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन टीम के साथ जनपद अन्तर्गत विशेष चौकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के तहत प्रवर्तन टीम द्वारा पुलभट्टा किच्छा में सिरौलीकंला खुर्द स्थित मिल्क चिलिंग सेंटर/प्लांट का आकस्मिक यूनिट में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था न होने व गन्दगी पाये जाने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रावधानों के अनुसार मिल्क चिलिंग सेंटर का संचालन न किये जाने पर उक्त को नोटिस निर्गत करते हुए उनके विरूद्व माननीय सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की कार्यवाही नियमानुसार प्रचलित कर दी जायेगी। इसके पश्चात् ऑयल व फ्लोर मिल शक्तिफार्म का साफ-सफाई व स्वछता रखने एवं मानकों के अनुरूप खाद्य तेल व आटे का निर्माण, पैकिंग व विक्रय करने के निर्देश मौके पर ही दिये गये। इसके अतिरिक्त शक्तिफार्म, सितारगंज में शीतल पेय की वितरक फर्म श्री श्याम एजेंसीज का निरीक्षण कर वहां से भी कोल्डड्रिंक के 02 नमूने जांच हेतु लेकर प्रयोगशाला को परीक्षण हेतु भेज दिये गये हैं। उक्त फर्म के निरीक्षण के समय श्री श्याम एजेंसीज फर्मों के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने की विधिक कार्यवाही की जायेगी।सभी प्रतिष्ठानों स्वामी/ विक्रेताओं को संदिग्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये गये तथा समस्त खाद्य कारोबार कर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा यदि एफ0 एस0एस0ए0 एक्ट 2006 के साथ ही सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर एफ0एस0एस0ए0आई0 लाईसेंस संख्या अंकित होना अनिवार्य है।बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/ लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से जाने पर टोल फ्री नम्बर 1800180 4246 पर शिकायत कर सकते हैं। अभियान दल में खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, कुमांऊ मण्डल, डा0 राजेन्द्र सिंह कठायत, ललित मोहन पाण्डे सहायक आयुक्त, ऊधम सिंह नगर, श्रीमती अपर्णा साह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, काशीपुर एवं श्रीमती आशा आर्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रूद्रपुर आदि सम्मिलित रहे।

# मीडिया क्लब गदरपुर की नई कार्यकारिणी घोषित

गदरपुर (उद संवाददाता)। मीडिया क्लब गदरपुर की पुरानी कार्यकारिणी में बदलाव के बाद बृहस्पतिवार को नगर के एक प्रतिष्ठान में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मुकेश पाल ने की तथा संचालन महामंत्री किशन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राकेश अरोरा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उमर अली और शाहनूर अली को सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर नितिन छावड़ा, रिजवान अख्तर और एल.वी. राय को नियुक्त किया गया। संगठन सचिव का दायित्व विपुल प्रजापति को दिया गया, जबकि सचिव पद पर रिंकू शर्मा और सचिन गुप्ता को मनोनीत किया गया। उपसचिव के रूप में संजीव गाईन और ठाकुर रामपाल को जिम्मेदारी सौंपी गई।मीडिया प्रभारी पद पर शिवम छाबड़ा को नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में राजेंद्र पाल सिंह, विनोद भुसरी, आर.पी. सिंह, सरोज मंडल और काजल राय को शामिल किया गया। विधिक सलाहकार के रूप में जुल्फिकार अली और गौरव कुमार आर्य को जिम्मेदारी दी गई।इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दुलाल चक्रवर्ती, देवेंद्र सरकार, प्रकाश अधिकारी, गौरव बत्रा, अमित सक्सेना, विपिन बहुगुणा, अरुण नागपाल, विभूति मण्डल, कालीपद विश्वास, अर्जुन, राजेन्द्र छाबड़ा, रिहान अली, राहुल विश्वास, नैनी बड़ई और मृत्युंजय सरकार को शामिल किया गया।बैठक में अध्यक्ष मुकेश पाल ने कहा कि नई कार्यकारिणी मीडिया कर्मियों के हितों की रक्षा, पत्रकारिता के मूल्यों को सशक्त करने और नगर में सकारात्मक सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि क्लब समय-समय पर पत्रकारों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, सामाजिक गतिविधियों और जनहित के मुद्दों पर पहल करेगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकजुटता और मजबूती पर बल दिया। अंत में सभी ने मीडिया क्लब गदरपुर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।



# 15 फरवरी को हजारों शिव भक्त करेंगे मोटेश्वर बाबा का जलाभिषेक

काशीपुर। हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर गंतव्य की ओर लौट रहे कांवरियों की सेवा को लेकर काशीपुर में प्रमुख मार्गों पर दर्जनों स्थानों पर धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा भंडारे चलाए जा रहे हैं। एतिहासिक चौती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर पर शिव भक्तों का तांता लगने लगा है। हर हर बम बम के जय घोष से इलाके में भक्ति की बयार बह रही है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर हजारों की तादाद में कांवरिये गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। काशीपुर में दर्जनों स्थानों पर कांवरियों की सेवा के लिए धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने जलपान ठहरने व खाने की व्यवस्था की है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बैलजूडी मोड़ से गंगे बाबा रोड तक दर्जनों स्थानों पर टेंट लगाकर चाय पकौड़ी मूंग की दाल पूरी सब्जी दाल चावल पानी कोल्ड ड्रिंक तहरी व फल फ्रूट के अलावा निशुल्क उपचार की व्यवस्था कैंप के माध्यम से की गई है। इसके अलावा कांवरियों के शौच स्नान आदि के लिए भी बैलजूडी मोड़ पर वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यहां बता दे की महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर काशीपुर के चौती मेला मैदान स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों की तादात में कांवरिया पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।



# 16 फरवरी को कांग्रेसियों से देहरादून पहुंचने का आह्वान

गदरपुर। आगामी 16 फरवरी को राजभवन देहरादून के घेराव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गदरपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए अधिक से अधिक संख्या में देहरादून पहुंचने का आह्वान किया।प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर के कांग्रेसी 16 फरवरी को राज भवन का घेराव करेंगे और जनहित से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।नेताओं ने अंकिता भंडारी और सुखवंत सिंह जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। साथ ही प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को "सीधी मौत" करार देते हुए कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और खराब व्यवस्थाओं के कारण आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है।इस दौरान सुभाष बेहड, प्रेमानंद महाजन, सिद्धार्थ भुसरी तथा सुमित्रर भुल्लर ने भाजपा सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है।वक्ताओं ने कहा कि 16 फरवरी को देहरादून में होने वाले घेराव कार्यक्रम में गदरपुर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें। अंत में नेताओं ने कहा कि यह घेराव प्रदेश की जनता की आवाज है और जब तक जनहित के मुद्दों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, इस मौके पर सिद्धार्थ भुसरी भीम ठुकराल, किशोर हालदार रामविलास, ममता हलदार, नारायण हालदार, तारक बछाड़ किशोर सामंत, चंदन न्याल, प्रेम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



## भारी संख्या में युवा करेंगे राजभवन का घेराव: भुल्लर

गदरपुर । यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि राजभवन घेराव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था और अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे मामलों ने युवाओं को आंदोलित किया है। यूथ कांग्रेस जन मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से 16 फरवरी को राजभवन पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया और कहा कि यह लड़ाई प्रदेश की जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है।

# शिव भक्तों की मरहम पट्टी करते दिखे अल्पसंख्यक समाज के लोग

काशीपुर। पवित्र गंगाजल लेकर हरिद्वार से गंतव्य की ओर लौट रहे कांवरियों की सेवा में अल्पसंख्यक समाज के लोग तत्परता से जुटे दिखे। गुरुवार को बैलजूड़ी मोड़ के करीब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में संगठन से जुड़े दर्जनों कार्यकर्ता शिव भक्तों के पांव पखारते नजर आए। निशुल्क चिकित्सा शिविर में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा चोटिल व थके हारे मरहम पट्टी की जा रही है। कौमी एकता एवं सौहार्द की ऐसी तस्वीरों ने एक बार फिर से सांप्रदायिकता के जहर घोलने वालों पर करारा तमाचा जड़ दिया। उत्तरांचल दर्पण प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा सेवा परमो धर्मः। उन्होंने नर सेवा को नारायण के सेवा की संज्ञा दी और कहा कि मानवता और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि ईश्वर के भक्तों की सेवा करने का आज जो अवसर उन्हें मिला है यह उनका परम सौभाग्य है। उन्होंने इसे पूर्व जन्मों का फल भी बताया। सर्व धर्म समभाव की भावना रखने वाले समाजसेवी इंतजार हुसैन ने कटिबद्धता जताई कि जीवन पर्यंत वह समाज सेवा के लिए समर्पित रहेंगे।



## पेज एक का शेष...

**जिम के बाहर प्रोपर्टी डीलर...** भीतर राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में यह चौथी बड़ी हत्या है। इससे पहले 2 फरवरी को दूल्हा बाजार में गुंजन हत्याकांड, 29 जनवरी को विकासनगर में छात्रा मनीषा तोमर की हत्या और बीते बुधवार को तिब्बती मार्केट के बाहर गैस एजेंसी संचालक अर्जुन शर्मा की दिनदहाड़े हत्या ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया था। हालाँकि अर्जुन शर्मा हत्याकांड में पुलिस ने खुलासा किया कि उनकी सगी माँ ने ही सुपारी देकर बेटे की हत्या करवाई थी, लेकिन अपराधों की यह निरंतरता पुलिस के लिए सिरदर्द बन गई है। ऋषिकेश में प्रीति रावत की हत्या और अब राजपुर रोड पर विक्रम सिंह के कत्ल ने अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ खत्म होने के पुख्ता संकेत दिए हैं। लगातार हो रही इन वारदातों से स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में भारी रोष व्याप्त है, जो खुद को अपनी ही राजधानी में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**आईजी का आधी रात को ..** गईं। विवरण अधूरा होने पर उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को फटकार लगाते हुए एक दिन के भीतर रिकॉर्ड दुरुस्त कर रिपोर्ट पेश करने का अल्टीमेटम दिया। सबसे अधिक नाराजगी उन्होंने खराब सीसीटीवी कैमरों को लेकर जाहिर की। कुछ चौकियों पर कैमरे बंद मिले, जिनकी जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई थी। आईजी ने स्पष्ट किया कि निगरानी तंत्र में ऐसी ढिलाई अक्षम्य है और इसे तुरंत ठीक कराने के आदेश दिए।गश्त प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए आईजी ने निर्देश दिए कि अब कोई भी कर्मी बिना बीट बुक (या ई-बीट बुक) और वायरलेस सेट के गश्त पर नहीं जाएगा। निरीक्षण में कई कर्मियों के पास ये उपकरण न मिलने पर उन्होंने घोर आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बीट बुक में संदिग्धों और आगंतुकों का पूरा विवरण होना अनिवार्य है और वायरलेस सेट के माध्यम से मुख्यालय से सतत संपर्क बना रहना चाहिए। आईजी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जो भी अधिकारी इस बुनियादी पुलिसिंग में शिथिलता बरतेगा, उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनता और अभिभावकों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को समझते हुए आईजी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने सभी जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सुबह स्कूल खुलने और दोपहर में छुट्टी के समय विशेष पुलिस टीमें पैट्रोलिंग करें। यह कदम न केवल स्कूलों के बाहर लगने वाले ट्रैफिक जाम को सुलझाएगा, बल्कि बालिकाओं और छात्र-छात्राओं के मन में सुरक्षा का विश्वास भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने क्षेत्राधिकारियों को आदेश दिया कि गश्त पर तैनात बल को पहले संवेदनशील स्थानों की पूरी जानकारी दी जाए और रणनीतिक रूप से उनकी तैनाती सुनिश्चित की जाए। आईजी के स्वयं मैदान में उतरने के बाद पूरे परिक्षेत्र में हड़कंप मच गया। उनके निर्देश पर सभी जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी और क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि ड्यूटी पर तैनात मिले। सघन चेकिंग अभियान के दौरान कई ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। कुमायूँ पुलिस ने श्जीरो टॉलरेंसश नीति के तहत अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प दोहराया है। आईजी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें ताकि एक सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

# दलित पत्रकार ने पुलिस पर लगाया अत्याचार का आरोप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर क्षेत्र के एक निष्पक्ष दलित पत्रकार विमल भारती उर्फ गोल्डी निर्भीक ने पुलिस प्रशासन पर सत्ता और सिस्टम के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रेस वार्ता में अपना दुखड़ा सुनाया। पत्रकार का आरोप है कि पुलिस विभाग में एक ही स्थान पर लंबे समय से जमे अधिकारियों की खबर प्रसारित करने के कारण उन्हें साजिश के तहत निशाना बनाया गया और हिरासत में लेकर उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई। विमल भारती ने बताया कि उन्होंने 11 नवंबर 2025 को पुलिस विभाग की अनियमितताओं पर समाचार प्रसारित किया था, जिसके बाद 13 नवंबर को बिना किसी पूर्व नोटिस के पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियंता नेहा शर्मा और भारी पुलिस बल उनके घर पहुंचा और अतिक्रमण के नाम पर केवल उनके घर में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर एसएसआई जसविंदर सिंह ने उनका मोबाइल छीन लिया और उन्हें जबरन पुलिस वाहन में डालकर कोतवाली ले गए। पत्रकार का आरोप है कि उनके विरुद्ध धारा 132, 221 और 351(2) के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया और बिना नोटिस दिए उन्हें बन्नाखेड़ा चौकी की हवालात में डाल दिया गया। पीड़ित पत्रकार ने रोंगटे खड़े कर देने वाले आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस हिरासत के दौरान चौकी प्रभारी सुल्तानपुर पट्टी दीपक कौशिक, बन्नाखेड़ा प्रभारी अशोक कांडपाल, दोराहा प्रभारी जगदीश तिवारी, एसआई प्रहलाद बिष्ट और अन्य सिपाहियों ने उनके साथ निर्मम मारपीट की। आरोप है कि उन्हें निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया गया, जूते में पानी पिलाकर अपमानित किया गया और दाढ़ी खींचकर जातिसूचक गालियां दी गईं। विमल भारती ने बताया कि जबरन मोबाइल का पासवर्ड खुलवाकर उनकी 14 साल की मेहनत और प्रोफेशनल डाटा डिलीट कर दिया गया। मामले में पीड़ित ने बताया कि उन्होंने 15 दिसंबर को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मानवाधिकार आयोग और डीजीपी उत्तराखंड से शिकायत की थी। नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा जिलाधिकारी व एसएसपी उधम सिंह नगर को दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पत्रकार ने इस पूरे प्रकरण को उनकी आवाज कुचलने का संगठित प्रयास बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। प्रेस वार्ता में विमल भारती ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह इस लड़ाई को आगे तक ले जाएंगे।



**सीएम की सख्ती के बाद...** की जानकारी उच्चाधिकारियों को देनी होगी। निर्देश दिए गए हैं कि रात 11 बजे तक सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अनिवार्य रूप से बंद कराए जाएं और सीपीयू कर्मियों की ड्यूटी भी रात 11 बजे तक सुनिश्चित की जाए। शराब और जुए के अड्डों पर सघन चेकिंग करने के साथ ही अनावश्यक रूप से देर रात घूमने वालों पर सख्त रोक-टोक की जाएगी। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने अब 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। पुराने रंजिश वाले मामलों को चिन्हित कर दोनों पक्षों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र के अभ्यस्त और सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसएसपी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। नैनीताल पुलिस ने आमजन से कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील करते हुए अराजक तत्वों को साफ संदेश दिया है कि शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**अब त्रिशूल चौक...** कॉरिडोर न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और रुद्रपुर को एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस पूरे अभियान में आम जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है और उनके द्वारा नए-नए विचार दिए जा रहे हैं। नगर निगम इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगा। लोगोंका मानना है कि शिव कॉरिडोर बनने से रुद्रपुर आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा और शहर विकास के नए अध्याय में प्रवेश करेगा।

**यूटिलिटी नदी में ...** हालांकि, अभी तक न तो वाहन का सुराग मिल पाया है और न ही दोनों युवकों का कुछ पता चल सका है। एसडीआरएफ की टीम नदी किनारे और खाई के दुर्गम रास्तों पर लापता लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सर्च ऑपरेशन जारी है ।

**सीएम के कार्यक्रम की ...** निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिनस्थ अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिसके पश्चात श्री भदौरिया त्रिशूल चौक पहुंचे जहा उन्होंने सभी व्यवस्थाओं शीघ्रता शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस चौक पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कावडियों को इस दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पढे इसका भी विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान उनके साथ एडीएम प्रशासन पंकज उपाध्याय, सीडीओ देवेश शाशनी, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डेय आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


विश्वास के एक साल
बेमिसाल
स्वच्छ रुद्रपुर
हरित रुद्रपुर
हार्दिक स्वागत! एवं अभिनंदन
रुद्रपुर की पावन धरा पर
देवभूमि के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री पुष्कर सिंह धामी जी
का हार्दिक स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन
1 साल बेमिसाल
विकास, विश्वास और सांस्कृतिक उत्सव
सफल एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनभागीदारी का महाकुंभ
दिनांक 14 फरवरी, 2026 ,स्थान- त्रिशूल चौक एवं गांधी पार्क, रुद्रपुर
कार्यक्रम
त्रिशूल चौक पर 'भव्य त्रिशूल' का अनावरण: दोपहर 2:30 बजे
कांवड़ यात्री सम्मान
हरिद्वार से गंगाजल ला रहे शिवभक्तों का मुख्यमंत्री जी द्वारा विशेष स्वागत।
ऐतिहासिक शिव बारात
त्रिशूल चौक से गांधी पार्क तक भक्तिमय भव्य शोभायात्रा
100 करोड़ की सौगात:
मुख्यमंत्री जी द्वारा रुद्रपुर के विकास हेतु 100 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
यू.एस. नगर कार्निवल एवं सरस मेला का शुभारंभ
14 से 23 फरवरी तक गांधी पार्क में विकास और संस्कृति का संगम
विशाल शिव जागरण
श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित
दिव्य शिव जागरण का मुख्यमंत्री जी द्वारा शुभारंभ
यूएस नगर कार्निवल के मुख्य आकर्षण
14 से 23 फरवरी: सुरों और कला की महफिल
15 फरवरी- गढ़वाल के प्रसिद्ध गायक संकल्प खेतवाल एवं हरीश भट्ट
16 फरवरी- मशहूर पंजाबी पॉप स्टार जस्सी गिल एवं पंजाबी गायक बब्बल राय (सैंड आर्ट के साथ)
17 फरवरी- प्रसिद्ध पार्श्व गायिका इमान चक्रवर्ती एवं मैजिक शो
18 फरवरी- हिमनाद ग्रुप और लोक कलाकार बंटी राणा की प्रस्तुति
19 फरवरी- प्रसिद्ध भोजपुरी गायक रूपेश मिश्रा और गायिका श्वेता मिश्रा
20 फरवरी- प्रसिद्ध कुमांऊनी गायक- फौजी ललित मोहन जोशी, गोविंद दिगारी, गायिका खुशी दिगारी
21 फरवरी- साधो बैण्ड एवं रामलीला मंचन (श्री राम कला केन्द्र)
22 फरवरी- विख्यात गायक पवनदीप राजन एवं जितेन्द्र तोमग्याल
23 फरवरी- उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध पाण्डवाज बैण्ड ग्रुप की प्रस्तुति
150 से अधिक स्टॉल्स
शिप्रा जोशी पाण्डेय (नगर आयुक्त)
निवेदक
एवं समस्त सम्मानित पार्षदगण, अधिकारी व कर्मचारी नगर निगम, रुद्रपुर
विकास शर्मा (महापौर)